दिन– सोमवार दिनांक– 28 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. लोकसभा में आज पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी।

02. निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदाता सूची से नाम काटने से पहले मतदाताओं को दी जाएगी सूचना। एसआईआर को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में आज होगी सुनवाई।

03. राजधानी पटना समेत आस–पास के हिस्सों में देर रात तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश। कई जगहों पर भीषण जलजमाव से जनजीवन प्रभावित।

04. और, आज सावन की तीसरी सोमवारी है। मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का कर रहे हैं जलाभिषेक।

---

लोकसभा में आज पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की प्रतिक्रिया पर मौजूदा संसद सत्र के दौरान विशेष चर्चा होगी। श्री रिजिजू ने बताया कि लोकसभा में इस पर चर्चा के लिए सोलह घंटे का समय निर्धारित किया गया है।

–––बाइट–––

पहले हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा करेंगे। ये अपॉजिशन पार्टी का ही मांग था। सरकार ने एग्री पहले दिन से ही किया है, तो ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा पूरा करने के बाद अगले विषय क्या लेंगे, उसका हम बाद में तय करेंगे, इसलिए मंडे से लोकसभा में 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी और ट्यूजडे को राज्यसभा में फिर 16 घंटे के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होगी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि देश की सम्प्रभुता पर हमला होने पर भारत कैसे जवाब देगा। श्री मोदी ने कहा कि इस सैन्य अभियान ने पूरे देश में नया आत्मविश्वास भर दिया है। प्रधानमंत्री तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलापुरम में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

–––बाइट–––

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सात करोड़ नवासी लाख मतदाताओं में से इक्यानवे दशमलव छह–नौ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

आयोग ने कहा है कि लगभग 22 लाख मतदाता मृत पाए गए हैं, सात लाख मतदाता एक से अधिक स्थानों पर नामांकित पाए गए हैं और लगभग 36 लाख मतदाता या तो स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं या उनका पता नहीं लगाया जा सका है। आयोग ने बताया है कि इन मतदाताओं की सही स्थिति अगले महीने की पहली तारीख तक इन फॉर्म की जांच के बाद पता चल पाएगी। इस व्यापक अभियान में 38 जिला निर्वाचन अधिकारी, 243 निर्वाचक पंजीयन अधिकारी, दो हजार 976 सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी और लगभग 78 हज़ार बूथ स्तरीय अधिकारी तैनात किए गए थे। रहीसुद्दीन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

यह विशेष सत्यापन अभियान राज्य के सभी दो सौ तैंतालीस विधान सभा क्षेत्रों में एक महीने तक चलाया गया। अभियान के दौरान बी.एल.ओ ने घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया। सत्यापन के अनुसार लगभग पैंसठ लाख मतदाताओं का नाम निर्वाचक सूची से कटने की संभावना है। विशेष पुनरीक्षण के आधार पर एक अगस्त को मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशित किया जायेगा और एक सितंबर तक मतदाताओं और राजनीतिक दलों से दावा आपत्तियां ली जायेंगी। इस बीच, निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि प्रारूप मतदाता सूची से नाम हटाने से पहले निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदाताओं को नोटिस भेजेंगे। यदि मतदाता ईआरओ के निर्णय से असहमत होते हैं तो वे जिलाधिकारी और उसके बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपील कर सकते हैं।

---

सर्वोच्च न्यायालय आज बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ करेगी। निर्वाचन आयोग का कहना है कि संशोधन का उद्देश्य अयोग्य नामों को हटाकर पारदर्शी मतदाता सूची सुनिश्चित करना है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि इस कदम से बिहार विधानसभा चुनावों से ठीक पहले बड़े पैमाने पर मतदाता मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज कटिहार में आयोजित एक कार्यक्रम से चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। श्री कुमार एक सौ तिरानवे करोड़ रुपये की लागत से संतोषी चौक से साहेबपाड़ा के बीच रेल ओवर ब्रिज

निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री एक सौ पचास करोड़ रुपये की लागत से अमृत योजना के दूसरे चरण के तहत जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा वे गोगाबील झील के संरक्षण और पर्यटन स्थल के रूप में विकास कार्य समेत कई अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे।

---

राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग पदों को अभियान चलाकर भरा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों के उच्च अधिकारियों और प्रमंडलीय आयुक्त को इस संबंध में अपनी रिपोर्ट अनुसूचित जाति और जनजाति कल्याण विभाग को देने के निर्देश दिये हैं। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष पेश की जाएगी।

---

मॉनसून की सक्रियता से राजधानी पटना समेत आस–पास के हिस्सों में देर रात तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश हुई है। पटना में अभी भी बारिश हो रही है। इसके चलते कई जगहों पर भीषण जलजमाव की स्थिति हो गयी है। तेज हवा के कारण कई पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। इससे जहां एक ओर आवागमन प्रभावित हुआ है, वहीं, बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पटना के गांधी मैदान, हनुमान नगर, कंकड़बाग, बाजार समिति, दीदारगंज, सैदपुर और मीठापुर समेत कई इलाकों में जलजमाव के कारण लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी पटना, शेखपुरा, बेगूसराय समेत राज्य के दक्षिण–मध्य हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, वैशाली, बेगूसराय, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

---

आज सावन की तीसरी सोमवारी है। इस अवसर पर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

हमारे संवाददाता ने बताया कि सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना

के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

---

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सूखा अनुदान के लिए सभी जिलों में टास्क फोर्स गठित करने का निर्देश दिया है। कृषि विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जिन जिलों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो रही है, वहां टास्क फोर्स की बैठक कर डीजल अनुदान के वितरण पर निर्णय लिया जाए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को जल संसाधन विभाग से समन्वय बनाकर नहरों में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। श्री सिन्हा ने बताया कि कृषि फीडर से सिंचाई के लिए किसानों के लिए चौबीस घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति करने का ऊर्जा विभाग से अनुरोध किया गया है। गौरतलब है कि राज्य में अब तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध तिरेपन प्रतिशत क्षेत्र में ही धान की रोपनी हो सकी है।

---

सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य के हर जिले में पैक्स का विस्तार किया जाएगा और प्रत्येक पैक्स को एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए एक सौ अट्ठावन करोड़ रुपये से अधिक का प्रस्ताव विभाग ने तैयार किया है। श्री कुमार ने बताया कि पैक्स को वित्तीय मदद दिलाने के लिए जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों को भी निर्देश दिये गए हैं।

---

हरिद्वार के मां मनसा देवी मंदिर में हुई भगदड़ में अररिया जिले के एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान अररिया सदर वार्ड संख्या–ग्यारह निवासी सकलदेव पासवान के रूप में हुई है। उसका शव एम्बुलेंस से अररिया भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि कल मंदिर की सीढ़ियों पर हुई भगदड़ में आठ लोग मारे गए थे और

तीस घायल हो गए थे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मृतकों के परिजनों के लिए दो–दो लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

---

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले में यूपी एसटीएफ और बिहार पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बेगूसराय का कुख्यात अपराधी डब्लू यादव मारा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि डब्लू यादव हम पार्टी के नेता राकेश साह के अपहरण और हत्या मामले का मुख्य आरोपी था।

---

पटना के दानापुर के आशोपुर से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने पांच अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले के दरिगांव थाना क्षेत्र स्थित पर्यटन स्थल माँझर कुंड के पास शराब पी रहे पाँच लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

---

पटना के कदमकुंआ थाना क्षेत्र स्थित कपड़े के एक गोदाम से उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में शराब बरामद की है। मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है – सात दशमलव दो–चार करोड़ मतदाताओं के गणना फार्म जमा। लगभग छत्तीस लाख लापता। **हिन्दुस्तान** लिखता है – बिहार में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन होगा। अध्यक्ष–उपाध्यक्ष और पांच सदस्य होंगे। **प्रभात खबर** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – बच्चों में अंतरिक्ष को लेकर एक नई जिज्ञासा पैदा हुई। इसी खबर को **आज** अखबार ने प्रमुखता देते हुए लिखा है – प्रधानमंत्री ने की मन की बात में नालंदा के बुनकर नवीन कुमार के कार्यों की सराहना। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – बिहार में अब तक चौवालीस प्रतिशत कम बारिश। सूखने लगी छोटी नदियां और तालाब। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – बिना मान्यता के विदेशी डिग्री देने वालों पर एक्शन। यूजीसी ने जारी किया आदेश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा में आज पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होगी।

02. निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदाता सूची से नाम काटने से पहले मतदाताओं को दी जाएगी सूचना। एसआईआर को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में आज होगी सुनवाई।

03. राजधानी पटना समेत आस–पास के हिस्सों में देर रात तेज हवा के साथ मूसलाधार बारिश। कई जगहों पर भीषण जलजमाव से जनजीवन प्रभावित।

04. और, आज सावन की तीसरी सोमवारी है। मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव का कर रहे हैं जलाभिषेक।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।